सेंट एंड्रयूज़ स्कॉट्स स्कूल

एडजेसेंट नवनीति अपार्टमेंटआई.पी.एक्सटेंशन, पटपड़गंज,दिल्ली – ११००९२

सत्र: २०२६-२०२७

कक्षा:पाँचवीं विषय: हिंदी पाठ:२ जादुई माचिस

प्रस्तुत पाठ में से कोई १० कठिन शब्द ढूँढ कर अपनी उत्तर पुस्तिका में लिखिए।

प्रश्नोत्तर

उ०१-रेहाना ने आर्यन को डर का यह कारण बताया कि शायद उसे एग्ज़ामोफ़ोबिया हो गया है क्योंकि मासिक परीक्षा में भी वह ऐसे ही डरा हुआ था।

उ०२-आर्यन ने चुपचाप अकेले बैठे रहने का यह कारण बताया कि परीक्षा की तारीख सुनने के बाद से उसका कुछ भी खाने का मन नहीं कर रहा है।

उ०३-रेहाना ने आर्यन को जादुई माचिस के बारे में यह बताया कि वह जादुई माचिस उसके अब्बू को उनके अब्बू ने दी थी। बड़ी करिश्माई माचिस है, लेकिन वह उसे भूल कर भी किसी को मत दिखाए और न ही उसे खोले, चुपचाप अपने स्कूल बैग में रख ले।

उ०४-अंत में रेहाना ने आर्यन को माचिस की सच्चाई बताते हुए यह समझाया कि यह बिल्कुल साधारण माचिस है, इसमें कोई जादू नहीं है। जादू बाहर कहीं नहीं होता ,वह तो हमारे अंदर होता है, यदि वह टॉप टेन में शामिल हुआ है तो सिर्फ और सिर्फ अपनी मेहनत और लगन से हुआ है।

रिक्त स्थान

१-लगता है तुम एग्ज़ामोफ़ोबिया के शिकार हो गए हो।

२-एक के बाद एक सभी सहपाठी आर्यन का मजाक उड़ाने लगे।

३-अगले दिन स्कूल में लंच ब्रेक के समय सभी बच्चे हँसी खेल कर रहे थे।

४-वहाँ दोनों अनाउंसमेंट में अपना नाम सुनकर ठिठक गए।

५-जादू बाहर कहीं नहीं होता वह तो हमारे अंदर होता है।

नीचे दिए गए शब्दों के अर्थ लिखकर स्वयं वाक्य प्रयोग कीजिए।

१-अंक

२-विलंब

३-अंतिम

४-अनुरोध